ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 05-11-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-11-05 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-11-06	2024-11-07	2024-11-08	2024-11-09	2024-11-10
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.0	36.0	36.0	35.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	19.0	19.0	19.0	18.0	18.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	29	21	26	28	27
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	15	13	14	14	13
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	11	6	6	6	9
पवन दिशा (डिग्री)	326	64	128	190	221
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी दिनों में मौसम साफ और शुष्क रहने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान 35.0 से 36.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 18.0 से 19.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 6-11 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि रबी फसलों गेहूं, जौ, जीरे व ईसबगोल की बुवाई के लिए अच्छी किस्मों के प्रमाणित बीजों, खाद तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें ताकि समय पर बुवाई की जा सके।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति सरसों की फसल की बुआई के अनुकूल है, इसलिए जल्द से जल्द बुआई पूरी करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों/राया की डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 30, पुसा सरसों 27 एंव वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूं की फसल की बुवाई का उपयुक्त समय नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू हो जाता है। अतः उन्नत किस्मों के बीज, खाद तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्में राज 1482,राज 3077, राज 3765, राज 3777, राज 4037, राज 4083, पी बी डब्ल्यू 590, जी डब्ल्यू 11 एंव के आर एल 213 है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	किसान भाई जीरे की बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। आर.जेड-19, जी.सी-4, आर.जेड-209 व आर.जेड-223 उन्नत किस्में है।
	ईसबगोल की बुवाई का उचित समय 01 से 15 नवम्बर हैं अतः बुवाई हेतू उन्नत किस्मों के बीज जैसे जी.आई-2, आर.आई-1, आर.आई-89 की व्यवस्था करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम में पशुओं में गलघोंटू (H.S) व ठप्पा रोग (B.Q) के फैलने की संभावना अत्यधिक रहती है। अतः समय रहते इनके टीके अवश्य लगवाएं।
बकरा	इस समय मौसम परिवर्तनशील रहने के कारण पशुओं को रात के समय छप्पर में बांधे।